फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

जीवराज पिता हरिराम गर्ग निवासी टाण्डा तहसील भूपालसागर वगैरा

बनाम

पंचायत समिति भूपालसागर के पदेन विकास अधिकारी, तहसील भूपालसागर वगैरा

प्रकरण संख्या 31/2023 (नि.पं.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.07.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता निगराकार आज भी बावजूद सूचना अनुपस्थित। अधिवक्ता गैर निगराकार संख्या 4 उपस्थित। रूक–रूक कर तीन चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी निगराकार तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अधिवक्ता निगराकार प्रकरण में दिनांक 24.05.2024 से अनुपस्थित चल रहे हैं तथा गैर निगराकार संख्या 4 के अधिवक्ता को अब तक निगरानी मेमो की प्रति भी उपलब्ध नहीं कराई है अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	